क्रमांक 3323162 / छ.ग. / 2023 / पार्ट /

कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
शिवनाथ–भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर–19,
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर

दिनांक / 08 / 2026

प्रति,

संचालक,
जन संपर्क संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर
अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

विषय :– **जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) उपअभियंता (सिविल) के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में सूचना जारी करने बाबत्।**

*******

विषयांतर्गत, लेख है कि जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) उपअभियंता (सिविल) के पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा चयन लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 20.07.2025 को आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम दिनांक 04.09.2025 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम के अनुसार मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों के प्रथम चरण में दस्तावेजों का सत्यापन, दिनांक 16.10.2025, दिनांक 17.11.2025 एवं द्वितीय चरण में दिनांक 19.05.2026 को किया गया है। तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचना संलग्न है।

कृपया छत्तीसगढ़ राज्य के सभी प्रमुख समाचार पत्रों के सभी संस्करणों एवं "रोजगार और नियोजन" समाचार पत्र में संलग्न सूचना को **अतिशीघ्र** प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**सहपत्र :–** उपरोक्तानुसार।

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

**पृ.क्र. 3323162 / छ.ग. / 2023 / पार्ट / 7171** दिनांक 25/08/2026

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. परीक्षा नियंत्रक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियंता एम.आई.एस. कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया विभागीय वेबसाईट में सूचना, दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम एवं बायोडाटा फार्मेट, विज्ञापन अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

**सहपत्र :–** विज्ञापन, दस्तावेज सत्यापन तिथि एवं बायोडाटा फार्मेट 01 सेट (स.क्र. 03 के लिए)।

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़
शिवनाथ–भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर–19,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर

## :: विज्ञापन ::

### जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) उपअभियंता (सिविल) के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेजों का सत्यापन

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) उपअभियंता (सिविल) के पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के प्रथम चरण में मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 16.10.2025, दिनांक 17.11.2025 एवं द्वितीय चरण में दिनांक 19.05.2026 को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर में किया गया है। **तृतीय चरण में दस्तोवज सत्यापन दिनांक 02.09.2026 को सुबह 11.00 बजे से** कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर में किया जायेगा। अभ्यर्थी संलग्न बायोडाटा पूर्ण कर, परीक्षा का प्रवेश–पत्र (Admit card), स्थायी जाति प्रमाण–पत्र, मूल निवास प्रमाण–पत्र, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र, वार्षिक आय प्रमाण–पत्र, (केवल अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी) जन्म तिथि प्रमाण–पत्र, आयु में छूट संबंधी प्रमाण–पत्र, हाई स्कूल (10वीं), हायर सेकेण्ड्री (12वीं) एवं उच्च शिक्षा संबंधी अंकसूची के मूल प्रमाण–पत्र एवं उनकी एक–एक सत्यापित छायाप्रति सहित संलग्न कार्यक्रम अनुसार **सुबह 11.00 बजे से कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर में उपस्थित होवें।**

उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद या समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी को होगा।

अभ्यर्थी संलग्न कार्यक्रम के अनुसार अनिवार्य रूप से समस्त वांछित दस्तावेजों की प्रतियॉ, मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

दस्तावेजों के सत्यापन का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in पर देखा जा सकता है।

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

# तृतीय चरण में दस्तावेजों का सत्यापन तिथि की जानकारी

जल संसाधन विभाग में उपअभियंता (सिविल) पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन।

स्थान – कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर समय सुबह–11.00 बजे से

| स.क्र. | दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित वर्ग | दस्तावेज सत्यापन दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | भूतपूर्व सैनिक हेतु (संभावित पदों की संख्या 01)<br>i) भू.पू.सै. अनारक्षित वर्ग (01 पद)<br>संयुक्त परीक्षा परिणाम के मेरिट स.क्र.– 9282, 9794, 10442 | 02.09.2026 |
| 2 | दिव्यांगजन प्रतीक्षा सूची हेतु (संभावित पदों की संख्या 02)<br>संयुक्त परीक्षा परिणाम के मेरिट स.क्र.–<br>OA, OL,– 01 - 5056, 5312<br>HH – 01 - 8387, 8670, 9636, 9693, 9781, 10413 | |

प्रमुख अभियंता,<br>
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,<br>
नवा रायपुर, अटल नगर

# संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) उपअभियंता (सिविल) के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेजों का सत्यापन

वर्तमान स्थिति का पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित)

## अभ्यर्थी का बायोडाटा फार्मेट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) | :– | |
| 2 | अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी में) | :– | |
| 3 | पिता / पति का नाम | :– | |
| 4 | माता का नाम | :– | |
| 5 | जन्म तिथि (अंको में)<br>(शब्दों में) | :–<br>:– | |
| 6 | दिनांक 01.01.2025 को आयु | :– | वर्ष ................ माह ........... दिन ........... |
| 7 | लिंग (पुरूष / महिला) | :– | |
| 8 | वैवाहिक स्थिति (विवाहित / अविवाहित ) | :– | हॉ / नहीं |
| | (i) यदि विवाहित है, तो विवाह की तिथि | :– | |
| | (ii) जीवित संतानों की संख्या | :– | |
| | (iii) जीवित संतानों का नाम व जन्मतिथि | :– | (1)<br>(2)<br>(3) |
| 9 | (i) यदि शासकीय सेवा में है, तो नियोजित पद का नाम एवं नियुक्ति का दिनांक<br>(ii) विभाग / कार्यालय का नाम (नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें) | :–<br>:– | |
| 10 | छत्तीसगढ़ का मूल निवासी, जिले का नाम | :– | तहसील –<br>जिला –<br>मूल निवास प्रमाण पत्र जारी होने की तिथि –<br>मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम एवं कार्यालय – |
| 11 | वर्तमान पत्र व्यवहार का पता | :– | |
| 12 | स्थायी पता | :– | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | दूरभाष नंबर/मोबाइल नंबर | :– | |
| 14 | श्रेणी (अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) | :– | स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम एवं कार्यालय – |
| 15 | क्या आप भूतपूर्व सैनिक है | :– | हॉ/नहीं |
| 16 | क्या आप दिव्यांग (PH) है | :– | हॉ/नहीं |
| | यदि हां, तो दिव्यांगता का प्रकार | :– | प्रकार ............................ प्रतिशत ................ |
| 17 | शैक्षणिक योग्यता का विवरण | :– | |
| 18 | उपअभियंता (सिविल) भर्ती परीक्षा का अनुक्रमांक (रोल नं.) | :– | |
| 19 | Application No. | :– | |
| 20 | संयुक्त प्रावीण्य सूची में रैंक (Rank) | :– | |
| 21 | महिला रैंक (Rank) | :– | |
| 22 | वर्ग जिसके लिए आवेदन किया गया है, में प्रावीण्य रैंक (CAT Rank) | :– | |
| 23 | उच्चतर आयु सीमा में छूट (अ.जा./अ.ज.जा. /अ.पि.व. गैर क्रीमीलेयर) संबंधी विवरण | :– | |
| 24 | उच्चतर आयु सीमा में छूट (पुरूष/महिला) | :– | |
| 25 | परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत ग्रीनकार्ड धारक (हां/नहीं) | :– | |
| 26 | न्यायालय में कोई मामला लंबित है (हां/नहीं) | :– | |
| 27 | संलग्नों की सूची | :– | |

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि बायोडाटा में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्यपूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं। मुझे जानकारी है, कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य एवं अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है। इसमें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिये मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी एवं इस आधार पर मुझे कोई नोटिस दिये बिना, एकतरफा कार्यवाही करते हुए मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध विभाग कानूनी कार्यवाही कर सकता है।

**दिनांक :–**

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**टीप :–** अभ्यर्थी, उपरोक्त बायोडाटा के स.क्र. 27 में दिये गये संलग्नों के विवरण अनुसार, समस्त दस्तावेजों/अभिलेखों की मूल प्रति एवं उनकी एक–एक अभिप्रमाणित छायाप्रति दस्तावेज सत्यापन में अनिवार्य रूप से साथ लेकर आवें।